# अध्याय – 6

# जनसंख्या

**याद रखने योग्य बातें :–**

1. जनगणना – एक निश्चित समयांतराल में जनसंख्या की आधिकारिक गणना जनगणना कहलाती है।
2. भारत में सबसे पहले 1872 में जनगणना की गई थी। हालांकि 1881 में पहली बार एक संपूर्ण जनगणना की जा सकी। उसी समय से प्रत्येक 10 वर्ष पर जनगणना होती है।
3. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या 1210193422 है। जो विश्व की कुल जनसंख्या का 17.5 प्रतिशत है।
4. 2011 की जनगणना के अनुसार देश का सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य उत्तर प्रदेश है। जहाँ की कुल आबादी 199281477 है। उत्तर प्रदेश में देश की कुल जनसंख्या का 16 प्रतिशत हिस्सा निवास करता है।
5. 2011 की जनगणना के अनुसार देश का सबसे कम जनसंख्या वाला राज्य सिक्किम है। जहाँ की कुल आबादी 607688 है।
6. भारत की लगभग आधी आबादी पाँच राज्यों में निवास करती है। ये राज्य हैं – उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिमी बंगाल और आन्ध्र प्रदेश ।
7. 2011 की जनगणना के अनुसार सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य पश्चिमी बंगाल है। यहाँ जनसंख्या घनत्व 1028 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. है।
8. सबसे कम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य अरूणाचल प्रदेश है, यहाँ जनसंख्या घनत्व 17 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. है।
9. 2011 की जनगणना के अनुसार केरल में लिंगानुपात 1084 है। जबकि दिल्ली में लिंगानुपात 866 है।
10. 2011 की जनगणना के अनुसार देश की साक्षरता दर 74.08 प्रतिशत है। जिसमें पुरूषों की साक्षरता 82.14 प्रतिशत एवं महिलाओं की 65.46 प्रतिशत है।
11. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में लिंगानुपात 940 है।



evidyarthi
https://www.evidyarthi.in

12. भारत में सबसे अधिक साक्षरता वाला राज्य केरल (93.9 प्रतिशत) है।
13. भारत में सबसे कम साक्षरता वाला राज्य बिहार (63.82 प्रतिशत) है।
14. एक वर्ष में प्रति हजार लोगों पर जन्म लेने वाले जीवित बच्चों की संख्या के जन्म दर कहा जाता है।

**1 अंक वाले प्रश्न :–**

1. एक निश्चित समय अंतराल में जनसंख्या की आधिकारिक गणना को क्या कहते हैं?
2. विश्व में सबसे अधिक आबादी वाला देश कौन सा है?
3. वर्तमान में भारत में जनसंख्या घनत्व कितना है?
4. विश्व में दूसरा सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश कौन सा है?
5. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत का लिंग अनुपात क्या है?
6. सबसे कम जनसंख्या वाला राज्य कौन–सा है?
7. मृत्यु दर किसे कहते हैं?
8. भारत की जनसंख्या में नगरीय जनसंख्या कितने प्रतिशत है?
9. जनसंख्या वृद्धि दर का मुख्य कारण क्या है?

**3/5 अंक वाले प्रश्न :–**

1. स्वस्थ जनसंख्या कैसे लाभकारी है?
2. 1981 से भारत में जनसंख्या वृद्धि दर क्यों घट रही है?
3. जनसंख्या अध्ययन के तीन प्रमुख पक्ष (पहलू) कौन–कौन से हैं?
4. राष्ट्रीय जनसंख्या नीति की मुख्य विशेषतायें क्या हैं?
5. जनसंख्या के असमान वितरण के लिये उत्तरदायी कारकों की विवेचना कीजिये?
6. व्यवसायों को कौन–कौन से तीन वर्गो में बांटा गया हैं?
7. जनसंख्या का अध्ययन प्रत्येक नागरिक के लिये क्यों आवश्यक है?
8. लिंग अनुपात क्या है? भारत में लिंग अनुपात प्रतिकूल होने के प्रमुख कारण बताइये?
9. भारत में जनसंख्या के घनत्व में इतनी अधिक विविधता क्यों पायी जाती हैं?
10. जनसंख्या को प्रभावित करने वाले मूल घटकों का वर्णन कीजिये?


evidyarthi
https://www.evidyarthi.in

# उत्तरमाला

**1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर :–**

1. जनगणना
2. चीन
3. 382 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी.
4. भारत
5. भारत में लिंग अनुपात 940 है।
6. सिक्किम
7. एक वर्ष में प्रति हजार व्यक्तियों में मरने वालों की संख्या को मृत्यु दर कहा जाता है।
8. 31.16 प्रतिशत
9. मृत्यु दर में गिरावट

**3/5 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर :–**

1. 1) एक स्वस्थ व्यक्ति अधिक घंटो तक कार्य कर सकता है। इससे उसकी आय में वृद्धि होती है।
   2) स्वस्थ जनसंख्या उत्पादन को बढ़ाने में मदद कर सकती है।
   3) अधिक सकारात्मक सोच रख सकती है।

2. 1) भारत में जन्म दर को नियन्त्रित करने के लिये कई प्रयास किये जा रहे हैं।
   2) शिक्षा का प्रसार।
   3) महिला जागरूकता।

3 1) जनसंख्या का आकार तथा वितरण – देश में कितने लोग है और वे कहाँ बसे हुए हैं।
   2) जनसंख्या में वृद्धि तथा जनसंख्या के परिवर्तन की प्रक्रिया– जनसंख्या में किस प्रकार वृद्धि हुई और समय के साथ साथ उसमें क्या परिवर्तन आया।
   3) जनसंख्या की गुणवत्ता – इसमें लोगों की आयु, लिंग– संरचना, शिक्षा का स्तर, स्वास्थ्य संबंधी दशायें शामिल हैं।



evidyarthi
https://www.evidyarthi.in

4. 1) 14 वर्ष के सभी बच्चों को निःशुल्क शिक्षा।

2) व्यापक स्तर पर टीकाकरण द्वारा बीमारियों से बच्चों को छुटकारा।

3) लड़कियों की शादी की उम्र को बढ़ाने के लिये प्रोत्साहित करना।

5. 1) भौतिक कारक :— पर्वत, पठार बहुत ठंडे तथा बहुत गर्म भाग विरल आबादी वाले हैं। जबकि उपजाऊ मृदा के मैदान अधिक घने बसे हैं।

2) सांस्कृतिक कारक :— धार्मिक स्थान तथा तीर्थ स्थान अधिक घने बसे हैं।

3) मानवीय कारक :— मानवीय कारक में व्यवसाय आदि भी जनसंख्या वितरण को प्रभावित करते हैं।

6. 1) प्राथमिक व्यवसाय :— ये कच्चे माल से संबंधित व्यवसाय है। इनमें कृषि, पशुपालन मछली पकड़ना आदि व्यवसाय शामिल हैं।

2) द्वितीयक व्यवसाय :— इन व्यवसायों में कच्चे माल को संसाधित करके उसे मूल्यवान वस्तु में बदला जाता है। इनमें निर्माण उद्योग, भवन एवं अन्य निर्माण कार्य आते हैं।

3) तृतीयक व्यवसाय—इन व्यवसायों में परिवहन, संचार, वाणिज्य, प्रशासन तथा सेवाएँ शामिल हैं।

7. 1) लोगों की संख्या का सही बोध :— जनगणना करके हम अपने देश में रहने वाले लोगो की संख्या आयु संरचना, जन्म और मृत्युदर, व्यवसाय के ढाँचे के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

2) जनसंख्या वितरण और क्षेत्र विकास की जानकारी :— लोगो का एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र को पलायन करने तथा आधुनिक प्रौद्योगिकी का प्रयोग करके उद्योग, व्यापार के क्षेत्रों में एक दशक के भीतर की गई प्रगति का ज्ञान कराता है।

3) लिंग अनुपात की स्थिति :— जनांकिकी के आँकड़े लिंग अनुपात को बताते हैं।

4) व्यवसायिक ढाँचे की जानकारी :— हमारे देश में कितने लोग प्राथमिक, द्वितीयक, तृतीयक व्यवसाय में काम कर रहे हैं, इसकी जानकारी मिलती है।

5) साक्षरता का स्तर :— जनाकिकी के आकड़े देश की साक्षरता दर बताते हैं।



https://www.evidyarthi.in

8. जनसंख्या में प्रति एक हजार पुरूषों पर उपलब्ध महिलाओं की संख्या को लिंग अनुपात कहते हैं।

1) भारत में तुलनात्मक रुप से बालिका शिशु मृत्यु दर अधिक है।

2) भारतीय समाज में लड़कियों की अपेक्षा लड़कों का अच्छे ढंग से पालन–पोषण किया जाता है।

3) महिलाओं में अभी भी प्रसव काल में होने वाली मृत्युदर अधिक है।

4) ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं का सामाजिक आर्थिक स्तर पुरूषों की अपेक्षा नीचा है।

5) गैर कानूनी भ्रूण लिंग परीक्षण बालिका शिशु के साथ किये जाने वाले अन्यायपूर्ण व्यवहार।

9. 1) भूमि का उपजाऊपन :– भारत के जिन राज्यों में उपजाऊ भूमि का विस्तार अधिक है वहाँ जनसंख्या घनत्व अधिक है।

2) वर्षा की मात्रा – अधिक वर्षा वाले भागों में जनसंख्या घनत्व अधिक होता है।

3) जलवायु :– जहाँ जलवायु स्वास्थ्य के लिये अनुकूल हो, तो वहाँ भी जनसंख्या घनत्व अधिक होता है। इसके विपरीत जहाँ जलवायु स्वास्थ्य के लिये अनुकूल नहीं है वहाँ जनसंख्या घनत्व कम होता है।

4) परिवहन के साधन – परिवहन के साधनों के अधिक विकास के कारण व्यापार की प्रगति तीव्र हो जाती है, जिससे जनसंख्या का घनत्व भी अधिक हो जाता है।

5) औद्योगिक विकास :– जिन स्थानों पर उद्योग स्थापित हो जाते है। वहाँ जनसंख्या घनत्व बढ़ जाता है।

10. 1) जन्मदर – एक वर्ष में प्रति हजार लोगों पर जन्म लेने वाले जीवित बच्चों की संख्या जन्मदर कहलाती हैं।

2) मृत्युदर – एक वर्ष में प्रति हजार लोगों पर मरने वाले व्यक्तियों की संख्या मृत्यु दर कहते हैं।

3) आप्रवासन :– एक क्षेत्र की अनुकूल दशायें होने के कारण उसमें बाहर से एक प्रजाति के लोगों का बस जाना आप्रवासन है।



https://www.evidyarthi.in

4) उत्प्रवासन – एक क्षेत्र विशेष में प्रतिकूल दशायें रहने से वहाँ के लोगों का अन्य स्थान पर चले जाना उत्प्रवासन है।

5) पर्यावरणीय प्रतिरोध – समस्त जैविक कारणों का सफल योग है जिनका निदान उस क्षेत्र विशेष में रहने वाली जनसंख्या नहीं कर पाती है। ये लोगों को संबन्धित क्षेत्र से त्याग करने को विवश कर देते हैं।

evidyarthi



https://www.evidyarthi.in